PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम-ऐ-जगत

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | शुक्रवार, 18 सितंबर, 2026, साल-2, अंक-55, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733




मोदी के जन्मदिन पर उज्जैन में जगमगाए 35 लाख दीये, उत्तराखंड में पीएम के नाम की पूजा

भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना/अहमदाबाद, (पैग़ाम-ऐ-जगत)

पीएम मोदी का गुरुवार को 76वां जन्मदिन था। इस मौके पर देशभर में सेवा-संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम हुए।?मध्य प्रदेश में दीपोत्सव मनाया गया। सबसे बड़ा आयोजन उज्जैन में हुआ, जहां शिप्रा नदी के घाटों और महाकाल लोक में 25 लाख जबकि मकानों-दुकानों में 10 लाख दीपक जलाए गए।

उत्तराखंड के देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यमुना घाट पर पीएम मोदी के नाम से पहली पूजा और आरती कराई। मोदी के जन्मदिन पर पूरे बिहार में 21 लाख दीये जलाए गए।

वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के वडनगर में कहा कि पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में हैं। उन्होंने मोदी के जन्मस्थान वडनगर से वाराणसी तक करीब 1300 किमी की बाइक रैली रवाना की। वाराणसी से भी वडनगर के लिए बाइक रैली शुरू हुई।



भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने की तैयारी : प्रधानमंत्री

- बोले-भारतीय चिप की दुनियाभर में सप्लाई शुरू



नई दिल्ली, 18 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

सरकार भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने की तैयारी में है। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया 2026 के पांचवें एडिशन का उद्घाटन किया।

मोदी ने कहा कि एक तरफ भारत की इकोनॉमी बढ़ रही है, दूसरी तरफ दुनिया का भारत पर भरोसा भी बढ़ रहा है। भारत के प्लांट्स से निकलने वाली सेमीकंडक्टर चिप्स अब देश और दुनिया के बाजारों तक पहुंचने लगी हैं। उन्होंने कहा, सेमीकंडक्टर सेक्टर ऐसा नहीं है कि फैक्ट्री लगाई और काम पूरा हो गया। इसमें टेक्नोलॉजिकल कैपेबिलिटी बनाने में दशकों लगते हैं। लेकिन भारत ने चिप डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग, इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग, टेस्टिंग कैपेबिलिटी पर एकसाथ काम किया और सफलता हासिल की है।

दरअसल, इस साल सेमीकंडक्टर चिप्स की कमी और बढ़ती कीमतों का सीधा असर इलेक्ट्रॉनिक्स की कीमतों पर दिखा है। एपल ने सितंबर 2026 में भारत में कुछ आईफोन मॉडल की कीमतें 41 फीसद तक बढ़ाईं। इसके साथ ही कार और ऑटोमोबाइल में भी सेमीकंडक्टर चिप की लगातार कमी बनी रही है। पीएम मोदी ने कहा (शेष पेज 2 पर)

ईडी ने गोपाल कांडा के ठिकानों पर छापेमारी की

- गुरुग्राम स्थित घर और फार्महाउस की तलाशी ली गई

गुरुग्राम, ( )

एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) ने गुरुवार को हरियाणा के पूर्व मंत्री गोपाल कांडा के गुरुग्राम स्थित घर और फार्महाउस पर छापेमारी की। यह कार्रवाई रियल एस्टेट धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के एक कथित मामले की जांच के तहत की गई।



अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ये छापे रियल एस्टेट कंपनी 'वाटिका लिमिटेड' के खिलाफ दर्ज मामले से जुड़े हैं। ईडी का आरोप है कि कंपनी ने निवेशकों को कमर्शियल प्रोजेक्ट्स में निवेश करने के लिए लुभाया था और समय पर कब्ज़ा, पक्का रिटर्न, लीज़ रेंटल और सेल डीड (बिक्री विलेख) पूरा करने का वादा किया था। ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि जांच के दायरे में आए चार प्रोजेक्ट्स के लिए 661 निवेशकों से ?248.46 करोड़ जमा किए गए थे। हालांकि, न तो प्रॉपर्टी का कब्ज़ा सौंपा गया और न ही वादे के मुताबिक सेल डीड पूरी की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले से जुड़े (शेष पेज 2 पर)

जालंधर रेलवे स्टेशन पर दुखद हादसा

बेटी को बचाने की कोशिश में पिता की मौत; परिवार शादी में जा रहा था

जालंधर, 18 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

बुधवार दोपहर जालंधर सिटी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर एक दुखद हादसा हुआ, जिसमें 'शान-ए-पंजाब' ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसकी बेटी घायल हो गई। इस घटना ने एक परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया, जो एक शादी में शामिल होने जा रहे थे। मृतक की पहचान शमशेर सिंह के रूप में हुई है, जो नई दिल्ली के ख्याला इलाके के विष्णु गार्डन के रहने वाले लखबीर सिंह के बेटे थे। शमशेर सिंह अपनी मां पपिंदर कौर और बेटी नीलम कौर के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली से अमृतसर जा रहे थे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'शान-ए-पंजाब' ट्रेन (ट्रेन नंबर 12497) दोपहर करीब 12:51 बजे जालंधर सिटी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर पहुंची। स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव करीब पांच मिनट का था। इस दौरान, शमशेर सिंह पानी लेने के लिए ट्रेन से नीचे उतरे। थोड़ी देर बाद, जब ट्रेन चलने लगी, तो उनकी बेटी नीलम कौर ने दरवाजे से अपने पिता को



आवाज़ दी और बताया कि ट्रेन चल पड़ी है। उसी पल, नीलम का पैर फिसल गया और वह ट्रेन की चपेट में आने के खतरे में पड़ गई।

जीआरपी स्टेशन के ए.एस.आई. बलविंदर सिंह ने बताया कि अपनी बेटी को खतरे में देखकर शमशेर सिंह ने उसे बचाने की कोशिश की। इस कोशिश में वे खुद ट्रेन की चपेट में आ गए, जबकि नीलम कौर भी घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस ने एम्बुलेंस बुलाई और दोनों को सिविल अस्पताल पहुंचाया। (शेष पेज 2 पर)

आदित्य ठाकरे को 500 करोड़ रुपए का मानहानि नोटिस

- दिशा सालियान के पिता बोले- 7 दिन में माफी मांगें, उनके बयानों से जांच पर सवाल खड़े हुए

मुंबई, 18 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे और महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री एनसीपी (एसपी) नेता अनिल देशमुख को 500 करोड़ रुपए का मानहानि नोटिस भेजा है। बार एंड बेंच के मुताबिक, नोटिस में दोनों नेताओं से उनके बयानों को वापस लेने, सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और 500 करोड़ का हर्जाना देने की मांग की गई है। दोनों को इसके लिए 7 दिन का समय दिया गया है। आदित्य ठाकरे ने जांच में उनका नाम आने पर कहा था कि ये राजनीति से प्रेरित है। वहीं, अनिल देशमुख ने कहा था कि आदित्य को बदनाम किया जा रहा है। दिशा के पिता ने कहा कि इन बयानों से निष्पक्ष जांच की मांग को गलत तरीके से पेश किया गया। 28 साल की दिशा एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर थीं। उनकी 8 जून 2020 को मुंबई की एक बिल्डिंग से गिरने के कारण मौत हुई थी।

ट्रम्प सरकार ने हूती विद्रोहियों से सीक्रेट डील की : रिपोर्ट

- अमेरिकी जहाजों पर हमला नहीं करेंगे हूती लड़ाके, बदले में सऊदी की मदद नहीं करेगा अमेरिका



वॉशिंगटन डीसी, 18 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों के साथ सीक्रेट डील की है। एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक इस डील के तहत हूतियों ने अमेरिका को भरोसा दिया है कि वे लाल सागर में अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय जहाजों को निशाना नहीं बनाएंगे।

इसके बदले में अमेरिका यमन में हूतियों के खिलाफ सऊदी अरब की सैन्य मदद नहीं करेगा। अमेरिकी अधिकारियों और हूती नेताओं के बीच यह बातचीत पिछले हफ्ते ओमान की राजधानी मस्कट के अमेरिकी दूतावास में हुई थी। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोमवार को पुष्टि की कि अमेरिका हूतियों के सीधे संपर्क में है।

हूतियों ने कहा है कि लाल सागर में सऊदी के जहाजों और सऊदी का तेल ले जाने वाले जहाजों को वे अब भी टारगेट करेंगे। हूतियों की दलील है कि यमन पर सऊदी अरब की नाकेबंदी और सैन्य कार्रवाई के चलते उसके जहाजों को निशाना बनाना उनका अधिकार है। मामले से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, 2025 में अमेरिका और हूतियों के बीच हुआ सीजफायर कायम है।

पिछले हफ्ते हूतियों ने यमन के पश्चिमी हिस्से में लाल सागर के किनारे का बड़ा इलाका अपने कब्जे में ले लिया। सऊदी अरब को उम्मीद थी कि अमेरिका उसके साथ खड़ा होगा। लेकिन अमेरिका ने अब तक हूतियों के खिलाफ सऊदी के समर्थन में कोई सीधी सैन्य कार्रवाई नहीं की है। (शेष पेज 2 पर)

उधमपुर में सुरक्षा बलों का बड़ा ऑपरेशन

- जैश-ए-मोहम्मद के दो संदिग्ध आतंकवादी मारे गए

चंडीगढ़, 18 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर ज़िले के जंगली इलाके में चल रहे आतंकवाद-विरोधी ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े दो संदिग्ध आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के बावजूद, सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक संयुक्त ऑपरेशन मजलटा के ब्रथल-सोआन और खुब्बन इलाकों में चल रहा है। सेना ने इस ऑपरेशन में दो आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि की है।

ट्विटर पर एक पोस्ट में, जम्मू स्थित 'व्हाइट नाइट कॉर्प्स' ने कहा, 'ब्रथल, उधमपुर में



आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी और पुष्टि के आधार पर, 16-17 सितंबर की रात को एक संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया गया था।' इसमें आगे कहा गया, 'खराब मौसम, मुश्किल इलाके और कम विज़िबिलिटी के बावजूद, व्हाइट नाइट कॉर्प्स, पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने आतंकवाद-विरोधी ऑपरेशन शुरू किया और दो आतंकवादियों को मार गिराया। ऑपरेशन अभी भी जारी है। किसी भी अन्य खतरे का पता लगाने और उसे खत्म करने के लिए सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।'

अधिकारियों ने बताया कि पिछले हफ्ते आतंकवादियों के एक समूह की मौजूदगी की खबरों के बाद पुलिस और सुरक्षा बल घने जंगल वाले इलाके में उनकी तलाश कर रहे थे।

नई जानकारी मिलने पर, सुरक्षा बलों ने बुधवार रात करीब 9 बजे एक इलाके की घेराबंदी की, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। (शेष पेज 2 पर)



हिमाचल-उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी

- बिहार में बाढ़ से 100 से ज्यादा सड़कें बहीं; यूपी-एमपी समेत 6 राज्यों में बारिश का अलर्ट

भोपाल/पटना/जयपुर/लखनऊ 18 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

देश के कई राज्यों में मानसून सक्रिय है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश समेत छह राज्यों में गुरुवार को बारिश का अलर्ट है।

हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। हिमाचल में गुरुवार सुबह रोहतांग, भरमौर और मनाली के पहाड़ों पर एक से डेढ़ इंच बर्फ गिरी। इन क्षेत्रों में 15 अक्टूबर के आसपास हिमपात होता है, लेकिन इस बार करीब एक महीना पहले बर्फ देखने को मिली है। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले की गुरेज घाटी में बर्फबारी हुई है। उत्तराखंड के केदारनाथ, हेमकुंड साहिब और चमोली में भी ओलों के साथ हल्की बर्फ गिरी है। (शेष पेज 2 पर)

टाटा संस ने दी एन. चंद्रशेखरन को तीसरे कार्यकाल के लिए मंजूरी

- टाटा ट्रस्ट ने जताया एतराज



मुंबई. 18 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

टाटा संस के निदेशक मंडल (बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) ने गुरुवार को एन. चंद्रशेखरन को कार्यकारी चेयरमैन के रूप में पांच साल के एक और कार्यकाल के लिए फिर से नियुक्त करने को मंजूरी दी और कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध (लिस्ट) करने की दिशा में कदम उठाने का फैसला किया।

हालांकि, टाटा संस में निर्णायक हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट ने चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति के प्रस्ताव पर आपत्ति जताते हुए इसे 'गैर-कानूनी' बताया। टाटा ग्रुप के मुख्यालय 'बॉम्बे हाउस' में निदेशक मंडल की लगभग तीन घंटे चली बैठक में ये फैसले लिए गए। यह बैठक चंद्रशेखरन द्वारा अगस्त में निदेशक मंडल को यह बताने के कुछ हफ्तों बाद हुई कि 20 फरवरी 2027 को मौजूदा कार्यकाल खत्म होने के बाद वह पुनर्नियुक्ति नहीं चाहते।

टाटा संस ने एक बयान में कहा, 'निदेशक मंडल की 17 सितंबर 2026 को हुई बैठक में चंद्रशेखरन ने बोर्ड के अनुरोध पर अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए सहमति जताई। इसके बाद बोर्ड ने वर्तमान कार्यकाल खत्म होने के बाद पांच साल के एक और कार्यकाल के लिए उन्हें कार्यकारी चेयरमैन के रूप में फिर से नियुक्त करने का बहुमत से फैसला किया।

इसके साथ ही, निदेशक मंडल ने टाटा संस के सूचीबद्ध होने से संबंधित भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशा-निर्देशों का पालन करने की दिशा में कदम उठाने का फैसला किया। कंपनी ने कहा कि वह अनुपालन (कंप्लायंस) संबंधी शर्तों पर आरबीआई, टाटा ट्रस्ट और अन्य हितधारकों से मार्गदर्शन लेगी। निदेशक मंडल के इन दोनों फैसलों को टाटा संस की आगामी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में मंजूरी दिलानी होगी।

टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल एन. टाटा ने निदेशक मंडल की बैठक में चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति का विरोध किया। ट्रस्ट ने कहा कि चंद्रशेखरन को टाटा संस के चेयरमैन के रूप में फिर से नियुक्त करने का प्रस्ताव 'गैर-कानूनी' है और चयन समिति को कंपनी के आंतरिक नियमों (आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन) के (शेष पेज 2 पर)



हम कनाडा पर राज करेंगे, हमारे पास 5000 से ज्यादा शूटर : लॉरेंस गैंग

- रास्ते में आए तो गोलियां चलेंगी; चिट्ठी सामने आई

नई दिल्ली : गैंगस्टर लॉरेंस गैंग ने कनाडा सरकार को उनके देश पर राज करने की धमकी दी। इसके लिए भारत से लेटर भेजा गया। दावा है कि लेटर साल 2025 में कनाडा सरकार को भेजा गया। अब इस लेटर को कनाडा के एक मीडिया हाउस ने हासिल कर पूरे मामले का खुलासा किया। लॉरेंस गुजरात की साबरमती जेल में है।

लेटर के हवाले से दावा किया गया कि लॉरेंस ने कनाडा सरकार के साथ सेना और पुलिस के नाम धमकी दी थी। इमिग्रेशन एंड रिफ्यूजी बोर्ड की कार्यवाही के रिकॉर्ड से भी इस बात का खुलासा हुआ। लेटर को लेकर जांच जारी है। कनाडा की एडमॉन्टन पुलिस सर्विस की ऑर्गनाइज्ड क्राइम ब्रांच ने इसे रिकॉर्ड का हिस्सा बनाया और इसे एबॉट्सफोर्ड पुलिस को भेजा।

लेटर में लिखा है- हम भारतीय गैंग हैं। कनाडा में हमें रोकने की हिम्मत नहीं है। अब हम कनाडा पर राज करेंगे। हमारे पास कनाडा में 5 हजार से ज्यादा गैंग सदस्य हैं। वे केवल 1000 डॉलर के लिए शूटिंग कर सकते हैं। यह आप सभी को चेतावनी है।

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर के राहत कैंपों में हुई मौतों पर कड़ा रुख अपनाया

कहा-34 मौतें, फिर भी सिर्फ़ 20 मामलों में ही पोस्टमॉर्टम क्यों हुआ?

- कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई?... कोर्ट ने राहत कैंपों में हुई मौतों पर हैरानी जताई; मुख्य सचिव से जवाब मांगा

नई दिल्ली, 18 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में बनाए गए राहत कैंपों में कई विस्थापित लोगों की मौत पर हैरानी जताई। कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे इन मौतों की जांच, आपराधिक कार्रवाई शुरू करने और कैंपों में रहने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दें।

जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने राज्य के वरिष्ठ अधिकारी से सवाल किया कि जस्टिस गीता मित्तल कमेटी द्वारा राहत कैंपों में विस्थापित लोगों की मौतों के बारे में जानकारी देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। इन मौतों में अप्राकृतिक मौतें भी शामिल हैं। अपने आदेश में बेंच ने कहा, 'हम मणिपुर के मुख्य सचिव को निर्देश देते हैं कि वे राज्य के राहत कैंपों में हुई मौतों-खासकर अप्राकृतिक मौतों-के बारे में हलफनामा दाखिल करें।

कोर्ट ने यह भी सवाल किया कि 34 मामलों में से सिर्फ़ 20 मामलों में ही पोस्टमॉर्टम क्यों किया गया। बेंच ने टिप्पणी की, 'राज्य सरकार को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि राहत कैंपों में रहने के दौरान अप्राकृतिक मौत का



शिकार हुए विस्थापित लोगों के मामलों में केवल 20,000 से 30,000 रुपए का मुआवज़ा क्यों दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण को इस मुद्दे पर एक अलग स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश ने एमएसएलएसए से कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि अप्राकृतिक मौत के सभी मामलों में एफआईआर दर्ज की जाए। (शेष पेज 2 पर)

तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

'ऐसा नहीं हो सकता कि हिंदी न पढ़ाई जाए'

नई दिल्ली, 18 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार को 15 दिसंबर, 2025 के अपने आदेश का पालन करने का निर्देश दिया। इस आदेश में जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने के लिए हर जिले में ज़मीन की पहचान करने को कहा गया था। कोर्ट ने राज्य और केंद्र सरकारों से इन स्कूलों को



लेकर अपने मतभेदों को बातचीत के ज़रिए सुलझाने को भी कहा। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने नवोदय स्कूलों में अपनाई गई 'तीन-भाषा नीति' के प्रति तमिलनाडु के विरोध पर भी सवाल उठाए। बेंच ने कहा कि राज्य को केंद्र से फंड पाने वाले इन संस्थानों को अपनी मौजूदा शिक्षा व्यवस्था के लिए खतरा नहीं मानना चाहिए। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने टिप्पणी की, 'आपको अपनी सोच बदलनी होगी; ऐसा नहीं हो सकता कि तमिलनाडु में हिंदी न पढ़ाई जाए।'

ग्रामीण आजीविका केंद्र थानाकलां में आईएमपावर अकादमी फॉर स्किल्स का शुभारंभ

बंगाणा/ऊना, 17 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

ऊना जिले के थानाकलां स्थित ग्रामीण आजीविका केंद्र युवाओं और महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण के साथ रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता के अवसरों से जोड़ने का प्रभावी मंच बनकर उभरा है। केंद्र में गुरुवार को आईएमपावर अकादमी फॉर स्किल्स का औपचारिक शुभारंभ किया गया। हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम द्वारा विकसित इस केंद्र में आईएमपावर के माध्यम से युवाओं एवं महिलाओं को नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है।

कार्यक्रम में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के राज्य समन्वयक अतुल कहड़ोता तथा उपायुक्त ऊना जतिन लाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू का विजन है कि युवाओं और महिलाओं के हुनर को अवसरों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया जाए। इस दिशा में निर्णायक प्रयास किए जा रहे हैं।

- **युवाओं और महिलाओं को नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण के साथ रोजगार, स्वरोजगार व उद्यमिता से जोड़ने की पहल**
- **हुनर को प्रमाण पत्र तक सीमित न रखें, इसे कमाई से जोड़ें : विवेक शर्मा**
- **दिसंबर तक 1,000 प्रशिक्षणार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य**



उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों का आह्वान किया कि वे कौशल प्रशिक्षण को प्रमाण पत्र हासिल करने तक सीमित न रखें, सीखे हुए हुनर को कमाई और आजीविका से जोड़ें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं में प्रतिभा, क्षमता और आगे बढ़ने की इच्छाशक्ति है। जरूरत उन्हें सही प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध करवाने की है। आईएमपावर अकादमी फॉर स्किल्स इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप क्षेत्र का चयन कर उसमें आगे बढ़ने तथा अपने उत्पादों को स्थानीय स्तर से आगे ले जाकर ब्रांड के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण पूरा करने के बाद सीखे हुए कौशल का व्यावहारिक उपयोग किया जाना चाहिए। साथ ही, प्रशिक्षण के साथ उत्पादन इकाइयों को बढ़ावा देने पर भी बल दिया, ताकि कौशल सीधे रोजगार और आय के अवसरों में परिवर्तित हो सके।

उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में कौशल को सीधे रोजगार से जोड़ने के लिए पायलट आधार पर एक परियोजना शुरू करने पर भी विचार किया जा रहा है। इसके तहत सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लोगों को स्कूलों की वर्दियां तैयार करने के कार्य से जोड़ने की संभावना तलाश की जा रही है। इससे प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ काम और आय का अवसर भी मिल सकेगा।

आईमार्ट का भी शुभारंभ

विधायक विवेक शर्मा ने इस अवसर पर आईएमपावर अकादमी द्वारा स्थापित आईमार्ट का भी शुभारंभ किया। आईमार्ट के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार किए जा रहे अचार, जैम, चटनी, सिलाई, हस्तकला और अन्य उत्पादों को प्रदर्शन एवं विपणन के लिए मंच उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने अकादमी की लैब्स एवं क्लासरूम का अवलोकन किया तथा प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर उनके प्रशिक्षण अनुभवों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली।

इस अवसर पर उन्होंने अकादमी द्वारा प्रकाशित रोजगार एवं उद्यमिता से संबंधित पुस्तिका का विमोचन भी किया।

कौशल और आजीविका गतिविधियों का केंद्र बनेगा ग्रामीण आजीविका केंद्र

उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम द्वारा करीब 11 करोड़ रुपये की लागत से ग्रामीण आजीविका केंद्र का निर्माण प्रशासनिक भवन एवं छात्रावास सहित किया गया था। एम3एम फाउंडेशन के कौशल संबल कार्यक्रम के अंतर्गत आईएमपावर के माध्यम से यहां प्रशिक्षण गतिविधियां शुरू की गई हैं। अब तक करीब 250 युवा एवं महिलाएं प्रशिक्षण के लिए नामांकित हो चुके हैं। वर्तमान में सिलाई, हॉस्पिटेलिटी, कंप्यूटर तथा अचार-चटनी निर्माण सहित चार ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से भी युवा एवं महिलाएं प्रशिक्षण के लिए यहां पहुंच रहे हैं।

उपायुक्त जतिन लाल ने उपायुक्त जतिन लाल ने युवाओं एवं महिलाओं से आह्वान किया कि वे खुद को छोटे लक्ष्य तक सीमित न करें, बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने का विश्वास रखें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आजीविका केंद्र के माध्यम से यहां नियमित रूप से कौशल विकास, प्रशिक्षण, आजीविका संवर्धन और सामुदायिक सशक्तीकरण की गतिविधियां संचालित करने पर प्रशासन का फोकस है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि यह केंद्र युवाओं एवं महिलाओं के लिए कौशल और आजीविका के अवसरों का प्रभावी केंद्र बने। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं से स्थानीय उत्पादों और पारंपरिक दक्षताओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर पैकेजिंग, ब्रांडिंग, विपणन एवं डिजिटल माध्यमों से जोड़कर आय के अवसर बढ़ाने का आह्वान किया।

बीडीओ बंगाणा केएल वर्मा ने कहा कि ग्रामीण आजीविका केंद्र में युवाओं और महिलाओं के लिए प्रशिक्षण की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं। केंद्र में रेजिडेंशियल ट्रेनिंग का भी प्रावधान है, जिससे प्रदेश के दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले प्रशिक्षणार्थियों को यहां रहकर कौशल सीखने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की सोच है कि युवाओं और महिलाओं को उनके हुनर के अनुरूप कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ा जाए।

दिसंबर तक तैयार होगा पंजावर का हिमकोफेड कार्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र

चेयरमैन विक्रम शर्मा डिक्की ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण, लोनिवि को तेजी लाने के निर्देश

ऊना, 17 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (हिमकोफेड) के चेयरमैन विक्रम शर्मा डिक्की ने वीरवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के पंजावर में निर्माणाधीन हिमकोफेड कार्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से परियोजना की प्रगति की जानकारी ली और शेष कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

करीब 9 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन इस कार्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र का कार्य दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। विक्रम शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूरा किया जाए तथा निर्माण में अनावश्यक देरी न हो।



उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता का भी जायजा लिया और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन निर्माण में निर्धारित तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता मापदंडों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्माण के प्रत्येक चरण की नियमित निगरानी करने तथा शेष कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने को कहा।

विक्रम शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। पंजावर में बनने वाला हिमकोफेड कार्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र सहकारिता से जुड़े लोगों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा के रूप में विकसित होगा। केंद्र के माध्यम से सहकारी संस्थाओं से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने में सहायता मिलेगी।

उन्होंने कहा कि परियोजना का कार्य दिसंबर तक पूरा कर भवन को उपयोग में लाने का प्रयास किया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों और सहकारिता क्षेत्र से जुड़े संस्थानों को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग हरोली के एक्सियन नितिन चौधरी सहित अन्य अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

टाहलीवाल गुरुद्वारा गिड़गिड़ा साहिब में सजा कीर्तन दरबार, संगत ने प्राप्त की गुरु घर की खुशियां



पैग़ाम-ऐ-जगत
हरोली/ऊना, 17 सितंबर (राजवीर चोपड़ा)

गुरुद्वारा गिड़गिड़ा साहिब टाहलीवाल में असू की संक्रांति के उपलक्ष्य में धार्मिक समागम श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशेष कीर्तन दरबार सजाया गया, जिसमें बाबा कुलविंदर सिंह ने गुरबाणी का गुणगान कर संगत को गुरु चरणों से जोड़ा।

गुरबाणी कीर्तन से पूरा गुरुद्वारा परिसर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। बड़ी संख्या में संगत ने गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर माथा टेका और कीर्तन का श्रवण कर गुरु घर की खुशियां प्राप्त कीं।

समागम के दौरान संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने समागम में पहुंचने वाली समस्त संगत का आभार व्यक्त किया। कमेटी ने संगत से धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर शामिल होकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करने का आह्वान किया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत सुल्तानपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया



पैग़ाम-ऐ-जगत/हांसी (दिनकर गावड़ी)

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज उमरा मंडल के गांव सुल्तानपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति, बुजुर्गों, युवाओं और छोटे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

कार्यक्रम में उमरा मंडल अध्यक्ष डॉ. पवन शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र मलिक, मंडल उपाध्यक्ष रामदिया, सचिव छोटूराम, विस्तारक डॉ. सतबीर मलिक, कृष्ण नंबरदार, जोगिंदर नंबरदार, मास्टर जयबीर तथा पंडित महावीर सहित अनेक ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. पवन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सेवा और जनभागीदारी के कार्यक्रमों के साथ मनाया जा रहा है। सुल्तानपुर में सभी वर्गों की सहभागिता के साथ दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की मंगलकामना की गई।

कार्यक्रम में विशेष रूप से मातृशक्ति, गांव के बुजुर्गों और छोटे बच्चों की भागीदारी आकर्षण का केंद्र रही। सभी ने मिलकर उत्साहपूर्ण वातावरण में दीप जलाए और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने समाज सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

ऊना में अब सुबह 9 से शाम 3 बजे तक लगेंगे स्कूल

ऊना, 17 सितंबर,
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

- **गर्मी के मद्देनजर बदला गया स्कूल समय अब हुआ सामान्य, 18 सितंबर से व्यवस्था लागू**

ऊना जिले में 18 सितंबर से सभी सरकारी और निजी स्कूल सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक संचालित होंगे। जिला दंडाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना के अध्यक्ष जतिन लाल ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 33 और 34 के तहत इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। नए आदेश के अनुसार प्री-प्राइमरी, प्राइमरी, मिडिल और सेकेंडरी स्तर के सभी सरकारी एवं निजी स्कूल सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक लगेंगे। गौरतलब है कि जिले में गर्मी और उमस की स्थिति को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के मद्देनजर 1 सितंबर से स्कूलों का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया था। अब मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव करते हुए इसे सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित शिक्षण संस्थानों को नए निर्धारित समय के अनुसार शिक्षण कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।



सीमा रानी मोइला ने किया नेत्रदान

गढ़शंकर, 17 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

रोटरी आई बैंक एंड कॉर्निया ट्रांसप्लांट सोसाइटी यूनिट गढ़शंकर के चेयरमैन डॉक्टर तरसेम सिंह जी की अगुवाई में और यूनिट प्रधान डॉक्टर लखविंदर कुमार बिलड़ौ की हाजिरी में सीमा रानी मोइला ने आज नेत्रदान किए। इस मौके पर डॉक्टर लखविंदर कुमार बिलड़ौ ने बताया कि सीमा रानी जी समाज सेवी संस्थाओं का हिस्सा हैं और आदर्श सोशल वेलफेयर सोसाइटी में लंबे समय से समाज सेवा कर रही हैं। सीमा रानी की तरह हर एक इंसान को जीते जी खून दान मरने उपरांत शरीर दान और नेत्रदान करके किसी नेत्रहीन की जिंदगी को रोशन किया जा सकता है। सीमा रानी मोइला द्वारा आंखें दान, डॉक्टर लखविंदर कुमार बिलड़ौ।



यूथ क्लब के सदस्यों ने आज मोहाली हलके के यूथ इंचार्ज सरदार विश्वप्रीत सिंह से मुलाकात की विभिन्न खेल जरूरतों और अन्य मुद्दों पर विचार चर्चा की

पैग़ाम-ऐ-जगत
मोहाली (हरमिंदर सिंह नागपाल)

आज, फेज 9 यूथ क्लब के सदस्यों ने हलका मोहाली के यूथ इंचार्ज स. विश्वप्रीत सिंह से मुलाकात की और विभिन्न खेल जरूरतों और अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

शहीद-ए-आजम स. भगत सिंह जी के जन्म दिवस को समर्पित 28 सितंबर को होने वाले आगामी 'जश्न-ए-इह क्लब' समारोह के लिए नौजवानों को निमंत्रण पत्र (इनविटेशन कार्ड) भी बांटे गए। विक्रम संधू - यूथ क्लब प्रधान - फेज 9, नदीम खान - सचिव और सरबजीत सिंह - कैशियर यह जानकारी डी पी सिंह ब्रांच इंचार्ज तेरा ही तेरा मेडिकोज सेक्टर 32 चंडीगढ़ पूर्व सीईओ तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब पूर्व सीईओ प्रधान द्वारा दी गई। डी पी सिंह समाज सेवक के तौर पर भी हर समय लोगों को खेलों के लिए प्रेरित करते रहते हैं।



पेज एक का शेष

मोदी के जन्मदिन...

कि भारत ने सेमीकंडक्टर मिशन का दूसरा फेज लॉन्च किया है। पहले फेज की वैल्यू करीब 70,400 करोड़ रुपए थी। दूसरे फेज के लिए 1.18 लाख करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा गया है। कंपाउंड सेमीकंडक्टर के मैन्युफैक्चरिंग से लेकर सिलिकॉन फोटोनिक्स को इकोसिस्टम में शामिल करना जरूरी है। ये सभी चीजें एआई को सक्षम बनाने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जरूरी हैं।

मोदी ने कहा कि भारत सप्लाई चेन को मजबूत करने पर जोर दे रहा है और इसके लिए कई रिफॉर्म किए गए हैं। उन्होंने इक्विपमेंट कंपनियों के नेताओं से इन अवसरों का फायदा उठाने की अपील की।

ईडी ने गोपाल...

वित्तीय लेन-देन का पता लगाने के लिए कांडा के घर, फार्महाउस और गुरुग्राम स्थित ऑफिस पर छापेमारी की गई। उन्हें शक है कि रियल एस्टेट कंपनी से मिले फंड को कथित तौर पर पूर्व मंत्री से जुड़ी अलग-अलग कंपनियों के खातों में ट्रांसफर किया गया था।

बेटी को बचाने...

अस्पताल में डॉक्टरों ने शमशेर सिंह को मृत घोषित कर दिया। घायल नीलम कौर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार वाले मौके पर पहुंच गए।

ए.एस.आई. बलविंदर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और बाद में परिवार को सौंप दिया गया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। हादसे के कारण 'शान-ए-पंजाब' ट्रेन करीब एक बजे अमृतसर के लिए रवाना हुई।

ट्रम्प सरकार ने...

अमेरिका ने जरूर कहा है कि हूतियों की गतिविधियां बाब अल-मंदब स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही के लिए खतरा हैं। अमेरिका पहले से ईरान के साथ संघर्ष में उलझा हुआ है। ईरान हूतियों का समर्थन करता है। ऐसे में अगर अमेरिका यमन में सीधे उतरता है तो उस पर एक और सैन्य मोर्चे का दबाव बढ़ सकता है।

उधमपुर में सुरक्षा...

अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन शुरू होने के कुछ ही देर बाद गोलीबारी और धमाकों की आवाज़ें सुनी गईं। हालांकि रात भर इलाका काफी हद तक शांत रहा, लेकिन गुरुवार सुबह आतंकवादियों ने घेराबंदी तोड़ने की कोशिश में भारी गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की और इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

हिमाचल-उत्तराखंड और...

देहरादून में गुरुवार सुबह तेज बारिश हुई। पिथौरागढ़ में आदि कैलाश यात्रा मार्ग पर दोबारा लैंडस्लाइड हुई।

बिहार के 15 जिलों में करीब 50 लाख की आबादी अभी भी बाढ़ से प्रभावित है। 26 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। राज्य में 700 से ज्यादा ग्रामीण सड़कें डूबी थीं, जिनमें 100 से ज्यादा पूरी तरह बह गईं, 400 सड़कें 50% से ज्यादा टूटीं और 200 क्षतिग्रस्त हैं।

टाटा संस ने...

अनुसार अपनी प्रक्रिया आगे बढ़ानी चाहिए।

सूत्रों के अनुसार, नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति के खिलाफ वोट डाला, लेकिन प्रस्ताव बोर्ड में बहुमत से पारित हो गया। सूत्रों ने कहा कि टाटा ट्रस्ट इस फैसले को आगे चुनौती दे सकता है। निदेशक मंडल का यह फैसला गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में पंजीकरण रद्द करने की टाटा संस की अर्जी आरबीआई द्वारा खारिज किए जाने के बाद आया है।

इस फैसले से कंपनी के शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की संभावना फिर से बढ़ गई है। टाटा संस पिछले एक साल से बाजार में सूचीबद्ध होने से बचने के प्रयास कर रही थी और इसी क्रम में 21,000 करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज भी चुका चुकी है।

कहा-34 मौतें..

बेंच ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि इन स्ट्रक्चर की तुरंत जांच हो और राहत कैंपों में रह रहे विस्थापित लोगों की सुरक्षा और सम्मान बना रहे।

बेंच ने जस्टिस मित्तल कमेटी और एक ए.एस.आई. अधिकारी की रिपोर्ट की समीक्षा के बाद यह आदेश जारी किया। रिपोर्टों से पता चला कि मणिपुर के राहत कैंपों में 30 से ज़्यादा मौतें हुई थीं, जिनमें से एक मौत कथित तौर पर यौन उत्पीड़न के कारण हुई थी। इसके अलावा, बेंच ने उम्मीद जताई कि मणिपुर में 2023 की जातीय हिंसा से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई दो विशेष निचली अदालतें जल्द ही सेंट्रल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन और नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी द्वारा जांच किए जा रहे मामलों की कार्यवाही पूरी कर लेंगी। बेंच ने कहा कि मामलों से जुड़ी जानकारी कानूनी सहायता वकीलों को उपलब्ध करा दी गई है, और पीड़ित याचिकाकर्ता अपने मामलों को आगे बढ़ाने के लिए इस जानकारी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

राज्य सरकार की ओर से पेश हुईं एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि सीबीआई ने 31 मामलों की जांच पूरी कर ली है और इनमें से 28 मामलों में अंतिम रिपोर्ट भी दाखिल कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सीबीआई के तीन मामलों में अभी भी जांच चल रही है।

मणिपुर में 3 मई, 2023 को जातीय हिंसा भड़क उठी थी। यह हिंसा पहाड़ी जिलों में आयोजित 'ट्राइबल सॉलिडैरिटी मार्च' के बाद शुरू हुई थी। यह मार्च बहुसंख्यक मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग के विरोध में आयोजित किया गया था। तब से अब तक 200 से ज़्यादा लोगों की जान जा चुकी है, सैकड़ों लोग घायल हुए हैं और हज़ारों लोग बेघर हो गए हैं।

श्री गुरु रविदास जी का 650वां प्रकाश पर्व

होशियारपुर के लाजवंती स्टेडियम से 500 ड्रोनों ने आसमान को किया रोशन

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित राज्य में करवाए जा रहे ड्रोन शो की श्रृंखला के तहत आज स्थानीय बहुउद्देशीय आउटडोर लाजवंती स्टेडियम में ड्रोन शो करवाया गया। इस दौरान 500 ड्रोनों के माध्यम से गुरु जी की महान शिक्षाओं और दर्शन की बेहद खूबसूरत प्रस्तुति की गई, जिसे बड़ी संख्या में संगत ने श्रद्धा और उत्साह के साथ देखा।

- **राज्य भर में 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित समागम जारी, पंजाब सरकार ने 100 करोड़ रुपये की राशि रखी: विधायक जिंपा**



लाजवंती स्टेडियम में हुए शानदार ड्रोन शो ने आसमान को रोशन करते हुए गुरु जी के जीवन और महान शिक्षाओं को डिजिटल तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस अनूठे एरियल शो के जरिए गुरु जी के समानता, भाईचारे, दया, सामाजिक न्याय और मानवीय सम्मान के शाश्वत संदेश को मनमोहक ढंग से दर्शाया गया। इसमें गुरु जी के जीवन से संबंधित विभिन्न घटनाओं, साखियों और उनके द्वारा दिए गए उपदेशों को शामिल किया गया।

संगत को संबोधित करते हुए विधायक ब्रम शंकर जिंपा ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा गुरु जी का 650वां प्रकाश पर्व बड़े स्तर पर मनाया जाएगा और प्रकाश पर्व को समर्पित समारोह की श्रृंखला राज्य भर में जारी है। उन्होंने बताया कि भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा लगातार ड्रोन शो, डॉक्यूमेंट्री, शिक्षण संस्थानों में सेमिनार और गुरु जी के जीवन के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न धार्मिक प्रोग्राम करवाया जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह शानदार ड्रोन शो श्री गुरु रविदास जी को उचित श्रद्धांजलि है और उनके शाश्वत संदेश को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक अनूठा प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह केवल ड्रोन शो नहीं, बल्कि नई पीढ़ी के लिए गुरु जी के समानता और मानवीय सम्मान के संदेश की प्रभावशाली प्रस्तुति है, जिससे सभी को गुरु जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

विधायक जिंपा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी का 650वां प्रकाश पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाते हुए आधुनिक माध्यमों से गुरु जी के सर्व-साझा दर्शन को लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रकाश पर्व को समर्पित समारोह के तहत राज्य में 92 ड्रोन शो करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को गुरु जी के क्रांतिकारी दर्शन से परिचित कराने के साथ-साथ उनकी शिक्षाओं को लोगों तक पहुंचाना है, जो आज के समय में भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं।

जिंपा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित प्रोग्रामों के लिए 100 करोड़ रुपये आरक्षित रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी के जीवन और शिक्षाओं पर आधारित डॉक्यूमेंट्री शो 13,000 गांवों में दिखाए जा रहे हैं, जिसके माध्यम से गुरु जी का संदेश जमीनी स्तर तक पहुंचाया जा रहा है।

इसके अलावा राज्य के शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए गुरु जी के जीवन और शिक्षाओं पर आधारित सेमिनार भी आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी बहुत सौभाग्यशाली हैं कि हमें श्री गुरु रविदास जी का 650वां प्रकाश पर्व सालभर चलने वाले कार्यक्रमों के साथ मनाने का अवसर मिल रहा है, जिसके तहत सेमिनार, डॉक्यूमेंट्री शो और धार्मिक प्रोग्राम करवाए जा रहे हैं।

उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि इस ऐतिहासिक पर्व को पूरी श्रद्धा और एकता के साथ मनाते हुए गुरु जी के महान संदेश को आगे बढ़ाया जाए।

इस अवसर पर पंजाब के जेल एवं प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह भी विशेष रूप से संगत में शामिल हुए।

संपादक-दविंदर कुमार प्रिंटर, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकिंग लिमिटेड, प्लॉट 22 और 49 जीएफ, इंडस्ट्री एरिया, फेज-2 पंचकुला (हरियाणा) से प्रकाशित Title code : CHAMUL00914
Editor-Davinder Kumar printed at Impression Printing & Packaging Ltd.Plot 22 & 49GF, Industrial Area, Phase-2 Panchkula(Haryana)-134115

समाधान शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने सुनी लोगों की समस्याएं : एसडीएम राजेश खोथ

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

जिला सचिवालय में वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर के दौरान एसडीएम राजेश खोथ ने आमजन की समस्याएं सुनीं और



- **तहसीलदार अनिल कुमार बिढान भी साथ मौजूद रहे**

संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें रखी गई। शिविर में कौशल्या निवासी रामपुरा ने जमीनी विवाद से निपटान बारे,लाली निवासी बोगा राम कॉलोनी हांसी ने परिवार पहचान पत्र में दर्ज गाड़ी हटवाने बारे,बाबू राम वार्ड न 25 ने परिवार पहचान पत्र में अपनी जन्मतिथि ठीक करवाने, रामदीप निवासी हांसी ने परिवार पहचान पत्र में अपनी वार्षिक आय कम करवाने,कशिश निवासी जगदीश कॉलोनी ने परिवार पहचान पत्र में अपनी बहन अनुराधा का नाम दर्ज करवाने संबंधित इत्यादि शिकायतें रखी।

एसडीएम राजेश खोथ ने अधिकारियों निर्देश दिए कि जो शिकायतें दोबारा खुली हैं, उनके कारणों की गहनता से जांच कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों पर संज्ञान लें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए समाधान करवाएं, ताकि वही शिकायत पुन: न खुले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर को केवल औपचारिकता न मानते हुए इसे जनसेवा का सशक्त माध्यम समझें और हर शिकायत का समयबद्ध व स्थायी समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित दिन पर समाधान शिविर में पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं।इस मौके पर तहसीलदार अनिल कुमार विधान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला सचिवालय परिसर एवं राजकीय आईटीआई में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

नागरिकों के बीपी, शुगर, लंबाई व वजन की जांच कर दी स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सलाह

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला सचिवालय परिसर एवं राजकीय आईटीआई में नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचने वाले नागरिकों के स्वास्थ्य की प्रारंभिक जांच की गई और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए आवश्यक जानकारी एवं सलाह दी गई। शिविर के दौरान डॉ मोनिका शर्मा,डॉ रेनू तथा एमआरडब्ल्यू आसित ने नागरिकों के ब्लड प्रेशर (बीपी), रक्त शर्करा (शुगर), लंबाई तथा वजन की जांच की।



स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जांच के दौरान नागरिकों को उनके स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक जानकारी दी तथा खान-पान और दैनिक दिनचर्या को लेकर भी जागरूक किया। शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ जरूरतमंद नागरिकों को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं। नागरिकों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया और सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस पहल की सराहना की। स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्देश्य आमजन को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा प्राथमिक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध करवाना रहा। शिविर के माध्यम से नागरिकों को नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने और किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए भी प्रेरित किया गया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सेवा कार्यों से जोड़ने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने का प्रयास किया जा रहा है।

जन्मदिन का जश्न मनाने की बजाय जनता के जख्मों पर मरहम लगाए भाजपा : मनोज राठी

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज राठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा द्वारा आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा को जन्मदिन का जश्न मनाने की बजाय देश और प्रदेश की जनता की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी आज रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई, मूलभूत सुविधाओं और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों से जूझ रहा है, जबकि सरकार इन गंभीर विषयों से ध्यान भटकाने के लिए कार्यक्रमों के आयोजन में लगी हुई है।

मनोज राठी ने कहा कि भाजपा की ओर से रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता अभियान और पौधारोपण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही गई है, लेकिन सरकार को यह भी बताना चाहिए कि आम जनता को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी युवाओं के सामने बड़ी चुनौती बनी हुई है। रोजगार के अवसरों की कमी के साथ भर्ती प्रक्रियाओं और पेपर लीक से जुड़े मामलों ने युवाओं की चिंताओं को बढ़ाया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब युवा रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं तो सरकार की प्राथमिकताएं क्या हैं।



कांग्रेस नेता ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कई स्कूलों को बंद या दूसरे स्कूलों में मर्ज किया जा रहा है तथा शिक्षकों के अनेक पद खाली पड़े हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के सरकारी दावों पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, महंगाई, भ्रष्टाचार, अपराध और आम जनता से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर भी सरकार से जवाब मांगा।

मनोज राठी ने आरोप लगाया कि सरकार इन मुद्दों का समाधान करने की बजाय इन समस्याओं को उठाने वालों की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा ने वर्ष 2014 और 2019 के अपने संकल्प पत्रों में किए गए वादों को पूरी गंभीरता से पूरा किया होता तो आज प्रधानमंत्री के जन्मदिन का जश्न केवल भाजपा कार्यकर्ता नहीं, बल्कि देश की जनता भी मना रही होती। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्येक चुनाव में पुराने वादों से ध्यान हटाकर नए एजेंडे के साथ जनता के बीच आती रही है।

मनोज राठी ने कहा कि कांग्रेस आम जनता, किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाती रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस स्वच्छ, पारदर्शी और जवाबदेह शासन के पक्ष में है तथा पार्टी नेता राहुल गांधी देश के विभिन्न वर्गों के अधिकारों और हितों से जुड़े मुद्दों को लगातार उठा रहे हैं।

विधायक विनोद भयाना ने मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

हरियाणा सरकार सेवा संकल्प पहल के तहत नागरिक अस्पताल से मोबाइल मेडिकल यूनिट को विधायक विनोद भयाना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर



- **शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उपलब्ध करवाई जाएंगी आवश्यक दवाइयां**

पर सिविल सर्जन डॉ. राहुल बुद्धिराजा ,डॉ. राजीव डाबला तथा डॉ. कामिद मोंगा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

विधायक विनोद भयाना ने कहा कि मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों के और अधिक करीब पहुंचाना है। यह यूनिट जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाएगी। विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लोगों को इसका लाभ मिलेगा, जहां अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में नागरिकों को कठिनाई होती है।

उन्होंने कहा कि मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की जाएगी और आवश्यकता के अनुसार उन्हें चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके साथ ही नागरिकों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।

मोबाइल मेडिकल यूनिट एक चलित चिकित्सा वाहन के रूप में कार्य करेगी, जिसमें डॉक्टर, नर्स एवं आवश्यक चिकित्सा स्टाफ उपलब्ध रहेगा। यूनिट के माध्यम से नागरिकों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ आवश्यक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा। जरूरत के अनुसार आवश्यक दवाइयां तथा उपलब्ध सुविधाओं के अंतर्गत जांच सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट जिला के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से पहुंचेगी। इसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को उनके घर एवं गांव के नजदीक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है, ताकि सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए उन्हें अनावश्यक रूप से दूर स्थित अस्पतालों तक न जाना पड़े।

स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति भी किया जाएगा जागरूक

मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य जांच के साथ लोगों को स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छता, संतुलित खान-पान तथा बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की टीम लोगों को आवश्यक सावधानियों की जानकारी देने के साथ समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित करेगी। इस पहल से ग्रामीण एवं दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से उपलब्ध होने की उम्मीद है। मोबाइल मेडिकल यूनिट स्वास्थ्य सेवाओं को अस्पतालों से बाहर निकालकर सीधे लोगों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में कार्य करेगी।

ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर स्वास्थ्य योजनाओं और बीमारियों से बचाव की दी जानकारी: प्रदीप कुमार

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के अवसर पर गांव सुल्तानपुर की आंगनवाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिलाओं, बुजुर्गों तथा ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान आमजन को विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मलेरिया, डेंगू, स्वाइन फ्लू, एनीमिया तथा टीकाकरण के लाभों के प्रति जागरूक किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कन्हैया लाल ने कहा कि ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधी सरकारी योजनाओं और सुविधाओं



की जानकारी आमजन तक पहुंचाना है। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना, नियमित टीकाकरण, परिवार नियोजन, एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम, सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क प्रसव, जच्चा-बच्चा सुरक्षा, नि:शुल्क एंबुलेंस सेवा तथा जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे पात्र होने पर सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं।

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रदीप कुमार ने बरसात के मौसम में डेंगू से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि इस मौसम में मच्छरों के पनपने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए घर और आसपास साफ-सफाई रखना जरूरी है। पानी की टंकियों को ढककर रखने, रात के समय पूरी बाजू के कपड़े पहनने तथा सप्ताह में एक दिन ड्राई डे मनाने की सलाह दी गई।

उन्होंने कहा कि तेज बुखार होने पर रक्त की जांच अवश्य करवानी चाहिए। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में डेंगू की जांच और उपचार की उपलब्धता के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने लोगों से स्वयं दवा लेने से बचने तथा चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की। इस अवसर पर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अमरपति, आशा वर्कर सुमन रानी, सुनीता देवी, बतुल, सुमन देवी, राजेश और पूनम सहित आंगनवाड़ी वर्कर सुलोचना, सुमन, इन्द्रा, सुनीता और ऊषा मौजूद रहीं।

सिविल सर्जन होशियारपुर द्वारा नेत्र जांच शिविरों के संबंध में एडवाइजरी जारी

नेत्र जांच शिविर लगाने से पहले आवश्यक प्रबंध एवं अनुमतियां सुनिश्चित करने की अपील

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर/दलजीत अजनोहा

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला वासियों तथा नेत्र जांच एवं उपचार संबंधी शिविर लगाने वाली सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं, गैर-सरकारी संगठनों एवं अन्य संस्थाओं को एडवाइजरी जारी करते हुए अपील की गई है कि किसी भी प्रकार का नेत्र जांच शिविर केवल निर्धारित नियमों, आवश्यक अनुमतियों तथा पूर्ण चिकित्सा प्रबंधों के साथ ही आयोजित किया जाए।

सिविल सर्जन होशियारपुर डाक्टर मंदीप कमल ने बताया कि बिना आवश्यक प्रबंधों तथा लागू समझौता ज्ञापन (एमओयू) एवं अनुमति के नेत्र जांच शिविर आयोजित नहीं किया जाना चाहिए। शिविर लगाने से पहले संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए शिविर की प्रकृति, स्थान, संभावित मरीजों की संख्या तथा उपलब्ध करवाई जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में आवश्यक कार्रवाई पूरी करना अनिवार्य है।

विभाग के अनुसार शिविर में योग्य एवं अधिकृत चिकित्सा स्टाफ, नेत्र जांच के लिए आवश्यक चिकित्सा उपकरण, साफ-सुथरा एवं उचित स्थान, मरीजों के पंजीकरण एवं अभिलेख रखने की व्यवस्था, आवश्यक दवाइयां तथा आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। यदि किसी शिविर में मरीजों की शल्य चिकित्सा अथवा अन्य चिकित्सा प्रक्रिया की जानी हो तो इसके लिए आवश्यक सुविधाएं, योग्य चिकित्सा दल, संक्रमण नियंत्रण के निर्धारित मानदंड, आपातकालीन प्रबंध तथा आवश्यकता पड़ने पर मरीज को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थान में भेजने की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जानी चाहिए। मरीजों को उपचार के बाद अनुवर्ती देखभाल एवं जांच की सुविधा तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी उपलब्ध करवाए जाने चाहिए।



सिविल सर्जन होशियारपुर द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई संस्था बिना आवश्यक अनुमति, समझौता ज्ञापन (एमओयू) अथवा निर्धारित चिकित्सा प्रबंधों के नेत्र जांच शिविर आयोजित करती हुई पाई जाती है, तो संबंधित संस्था अथवा जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध लागू नियमों एवं कानूनी प्रावधानों के अनुसार बनती कार्रवाई की जाएगी। किसी भी संस्था को मरीजों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के साथ समझौता करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम जनता से भी अपील की गई है कि वे किसी भी नेत्र जांच शिविर में सेवा लेने से पहले यह सुनिश्चित करें कि शिविर अधिकृत संस्था द्वारा आवश्यक अनुमतियों एवं उचित चिकित्सा प्रबंधों के साथ आयोजित किया गया है। किसी भी प्रकार की अनधिकृत अथवा अपर्याप्त प्रबंधों वाली चिकित्सा गतिविधि में शामिल होने से बचा जाए। सिविल सर्जन ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। नेत्र जांच शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है। इसलिए शिविर आयोजकों एवं संबंधित संस्थाओं द्वारा मरीजों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक शर्तों एवं प्रबंधों को पूरा करना अनिवार्य है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी संस्थाओं से अपील की है कि नेत्र जांच शिविर संबंधी किसी भी कार्रवाई से पहले अपने क्षेत्र के संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क कर लागू नियमों, अनुमतियों एवं समझौता ज्ञापन से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की जाए, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा अथवा स्वास्थ्य संबंधी जोखिम से बचाया जा सके।

समाज सुधार संस्था के प्रधान रणजीत सिंह भोमा को अस्पताल से छुट्टी मिली

पैग़ाम-ऐ-जगत
अमृतसर (हरमिंदर नागपाल)

समाज सुधार संस्था पंजाब और सचखंड श्री हरमंदिर साहिब श्री अमृतसर के प्रधान रणजीत सिंह भोमा को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। 5 सितंबर को सिर पर अचानक भारी दरख्त की लकड़ी गिरने के कारण वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें अमृतसर के पारबती अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल करवाया गया था।

डॉक्टर राघव धवन की टीम द्वारा दिन-रात इलाज किया गया। डॉक्टर राघव धवन और डॉक्टर जसविंदर सिंह ने बताया कि रणजीत सिंह भोमा की हालत बहुत गंभीर थी। सिटी स्कैन और एम.आर.आई. समेत अन्य जांचों में सिर पर लगी चोट गंभीर पाई गई। डॉक्टरों की टीम ने बिना ऑपरेशन के उनका सफल इलाज किया।



अस्पताल से छुट्टी मिलने के मौके पर रणजीत सिंह भोमा ने कहा कि नानक नाम लेवा संगतों द्वारा विभिन्न गुरधामों में उनकी सेहतयाबी के लिए अरदासें की गईं। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रामदास साहिब जी की कृपा और संगतों की अरदासों के कारण उन्हें नया जीवन मिला है। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ समय बेड रेस्ट की सलाह दी है। उनके अनुसार, पिछले समय के दौरान उनके द्वारा नानक नाम लेवा संगतों के सहयोग से सचखंड श्री हरमंदिर साहिब श्री अमृतसर को पवित्र शहर का दर्जा दिलवाने के लिए सतनाम वाहिगुरु का जाप और अरदासें की गई थीं। इस संबंध में जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री पंजाब को लिखित मांग पत्र भी दिए गए थे।

रणजीत सिंह भोमा ने देश-विदेश की नानक नाम लेवा संगतों का धन्यवाद करते हुए कहा कि सेहतयाब होने के बाद संगतों के सहयोग से पवित्र शहर की पवित्रता बहाली के लिए चल रहा संघर्ष जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि चौक महा सिंह में चल रहे शराब के ठेके, मीट, पान और बीड़ियों की दुकानों को पक्के तौर पर बंद करवाने के लिए भी संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पवित्र शहर का दर्जा लागू होने पर मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान को सोने के मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

डॉ. बलजीत कौर के नेतृत्व में कानूनी विवादों में फंसे बच्चों को हुनरमंद बनाने की दिशा में पंजाब सरकार की अहम पहल

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर/चंडीगढ़ (दलजीत अजनोहा)

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत पंजीकृत होम्स में रह रहे बच्चों को शिक्षा, कौशल और बेहतर भविष्य के अवसर प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी दिशा में सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर के नेतृत्व में कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू किए जा रहे हैं।

सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने जानकारी देते हुए कहा कि पंजाब सरकार की इस विशेष पहल के तहत होशियारपुर के स्पेशल होम और ऑब्जर्वेशन होम में रह रहे 48 बच्चों ने सफलतापूर्वक रोजगारोन्मुखी कौशल विकास पाठ्यक्रम पूरे किए हैं। स्पेशल होम, होशियारपुर के 25 बच्चों ने हेयर ड्रेसर एंड स्टाइलिस्ट (हेयर ड्रेसर एंड स्टाइलिस्ट) और ऑब्जर्वेशन होम के 23 बच्चों ने मल्टी स्किल टेक्नीशियन (मल्टी स्किल

- **होशियारपुर के ऑब्जर्वेशन होम और स्पेशल होम के 48 बच्चों ने रोजगारोन्मुखी कौशल विकास पाठ्यक्रम किए पूरे**

तकनीशियन) पाठ्यक्रम पूरा किया। इन सभी बच्चों का 100 प्रतिशत प्रशिक्षण पूरा होने के साथ-साथ उनकी असेसमेंट और प्रमाणन प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। यह सफलता उन्हें कौशल के साथ आत्मविश्वास और आत्मनिर्भर जीवन की ओर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगी। कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर के निर्देशों के अनुसार राज्य के ऑब्जर्वेशन होम्स और स्पेशल होम्स में कुल 187 बच्चों के लिए विभिन्न कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों का चयन बच्चों की रुचि, क्षमता और भविष्य में रोजगार की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पंजाब कौशल विकास मिशन के सहयोग से करवाए जा रहे ये पाठ्यक्रम बच्चों को व्यावहारिक कौशल प्रदान करने के साथ-साथ समाज में पुनर्वास के लिए तैयार कर रहे हैं। विभाग द्वारा पाठ्यक्रम पूरा करने वाले बच्चों को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार और प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि जुवेनाइल जस्टिस प्रणाली के तहत रह रहे बच्चों को केवल देखभाल की ही नहीं, बल्कि सही मार्गदर्शन और अवसरों की भी आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास के माध्यम से इन बच्चों को अपनी क्षमता पहचानने और जीवन में नई शुरुआत करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार 'रंगला पंजाब' के निर्माण के लिए हर बच्चे को आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पुलिस अधीक्षक करन गोयल ने स्वयं किया इंटर स्टेट नाका शेरगढ़ टापू का औचक निरीक्षण


पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
17 सितंबर (प्रवीण वालिया)

जिला करनाल में कानून एवं व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक करनाल श्री करन गोयल, आईपीएस द्वारा आज स्वयं जिले के महत्वपूर्ण इंटर स्टेट नाका शेरगढ़ टापू, थाना कुंजपुरा का निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने नाके पर तैनात पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी एवं मुस्तैदी का जायजा लिया तथा नाके पर की जा रही वाहनों की चेकिंग, नाकाबंदी व्यवस्था और पुलिस द्वारा अपनाई जा रही सुरक्षा व्यवस्था को बारीकी से जांचा। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी जिम्मेदारियों एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

एसपी करन गोयल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि इंटर स्टेट नाके पर प्रत्येक वाहन की सतर्कता एवं नियमानुसार जांच सुनिश्चित की जाए। दूसरे राज्यों से आने-जाने वाले वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहनता से जांच की जाए।

- **नाकाबंदी व्यवस्था, वाहनों की चेकिंग एवं पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी का लिया जायजा, संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी के दिए निर्देश**



उन्होंने कहा कि नाके पर तैनात पुलिसकर्मी पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अवैध हथियार, नशीले पदार्थों, चोरी के वाहनों अथवा अन्य गैरकानूनी गतिविधियों की सूचना मिलने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मचारियों को आपसी समन्वय बनाए रखने, आमजन के साथ शालीनता से व्यवहार करने तथा कानून व्यवस्था से संबंधित किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सदैव तैयार रहने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले की सीमाओं पर स्थित इंटर स्टेट नाकों की सुरक्षा व्यवस्था पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है। अपराधियों की आवाजाही रोकने, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नाकों पर प्रभावी एवं सघन चेकिंग लगातार जारी रहेगी।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने नाके पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा पूरी निष्ठा, सतर्कता एवं अनुशासन के साथ ड्यूटी करना सुनिश्चित करें।

`पैगाम-ए-जगत' में प्रकाशित सामग्री और अन्य विवादों से संबंधित मामलों का निपटारा केवल मोहाली (चंडीगढ़) न्यायालय में ही किया जाएगा। यह आवश्यक नहीं है कि संपादक लेखकों की राय से सहमत हो। -संपादक, पैगाम-ए-जगत

पीजीआई ने दो सप्ताह के वैकल्पिक शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए 20 स्वीडिश मेडिकल छात्रों की मेजबानी की

चंडीगढ़, 17 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)



स्वीडन के 20 मेडिकल छात्र वर्तमान में पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च में बाल रोग विभाग तथा स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में दो सप्ताह के वैकल्पिक शैक्षणिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। इस समूह के साथ स्वीडन के रीजन स्कॉने से तीन संकाय सदस्य–डॉ. क्रिश्चियन पेनो, डॉ. विक्टर पेनी और डॉ. इओआन्निस ओर्फानोस–भी आए हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने अपनी यात्रा की शुरुआत पीजीआई के निदेशक डॉ. (प्रो.) विवेक लाल तथा अकादमिक डीन, पीजीआई, डॉ. (प्रो.) संजय जैन से शिष्टाचार भेंट के साथ की। इस शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का समन्वय प्रो. प्रवीण कुमार, विभागाध्यक्ष, बाल रोग विभाग; डॉ. (प्रो.) अरुण बंसल, अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक, पीजीआई; तथा डॉ. (प्रो.) अरुण अग्रवाल, विभागाध्यक्ष, स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ द्वारा किया जा रहा है। पूरे सप्ताह के दौरान, स्वीडन से आए छात्र एवं संकाय सदस्य बाल रोग विभाग तथा बाल संक्रामक रोग प्रभाग के संकाय सदस्यों और रेजिडेंट डॉक्टरों के साथ ज्ञान एवं अनुभवों का आदान-प्रदान कर रहे हैं। यह मैत्रीपूर्ण ज्ञान-विनिमय कार्यक्रम कुछ वर्ष पूर्व शुरू हुआ, जब पीजीआई के बाल संक्रामक रोग विशेषज्ञ एवं प्रोफेसर डॉ. संजय वर्मा ने स्वीडन के हेलसिंगबॉर्ग अस्पताल और लुंड विश्वविद्यालय का दौरा किया था। इसके बाद यह पहल दोनों संस्थानों के बीच नियमित शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के रूप में विकसित हुई है। स्वीडन से आए संकाय सदस्यों में डॉ. क्रिश्चियन पेनो, वरिष्ठ सलाहकार एवं बाल रोग विशेषज्ञ, हेलसिंगबॉर्ग अस्पताल, रीजन स्कॉने, स्वीडन तथा स्वीडिश पीडियाट्रिक इन्फेक्शियस डिजीज़ सोसाइटी के बोर्ड सदस्य; डॉ. विक्टर पेनी, बाल रोग विशेषज्ञ, स्कॉने यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल, रीजन स्कॉने, स्वीडन तथा लुंड विश्वविद्यालय में पीएचडी शोधार्थी; और डॉ. इओआन्निस ओर्फानोस, वरिष्ठ सलाहकार, बाल रोग विशेषज्ञ, एसोसिएट प्रोफेसर तथा बाल संक्रामक रोग, आपातकालीन चिकित्सा एवं सामाजिक बाल चिकित्सा विभाग के निदेशक शामिल हैं।

स्वीडन से आए छात्रों और संकाय सदस्यों ने संस्थान में उनके गर्मजोशी से किए गए स्वागत तथा अपने नैदानिक ज्ञान और अनुभव को विस्तृत करने का अवसर प्रदान करने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने पीजीआई में रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए अपनाए जाने वाले शैक्षणिक पाठ्यक्रम की सराहना की तथा संस्थान में उपलब्ध कराई जा रही रोगी देखभाल के उच्च स्तर के प्रति भी प्रशंसा व्यक्त की।

'वखरा स्वाद-एक स्वाद, जो याद बन जाए'

24-25 अक्टूबर को होगा 'वखरा स्वाद फूड फेस्टिवल'

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर/दलजीत अजनोहा



मास्टरशेफ फाइनलिस्ट गुरकीरत सिंह, देशभर के फूड ब्लॉगर्स और प्रमुख फूड ब्रांड होंगे आकर्षण होशियारपुर : आर जे क्रिएटर्स द्वारा फूड एंड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट होशियारपुर के सहयोग से 24-25 अक्टूबर, 2026 को रोशन ग्राउंड, होशियारपुर में दो दिवसीय 'वखरा स्वाद फूड फेस्टिवल' का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम का पोस्टर मास्टरशेफ इंडिया फाइनलिस्ट एवं ब्रांड एंबेसडर गुरकीरत सिंह, होशियारपुर की उपायुक्त आशिका जैन तथा प्रमुख प्रायोजक होटल रॉयल प्लाजा के मालिक विश्वनाथ 'बंटी' ने संयुक्त रूप से जारी किया।

प्रसिद्ध फूड ब्लॉगर गगन पेट्टू सिंह सहित देशभर के प्रमुख फूड ब्लॉगर्स और इन्फ्लुएंसर्स के इस कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। आयोजन के दौरान उन्हें विशेष रूप से सम्मानित भी किया जाएगा। सागर रत्ना, बारबेक्यू नेशन और वोक सिंह सहित कई बड़े फूड ब्रांड्स के भी संभावित प्रतिभागी के रूप में जुड़ने की उम्मीद है। फेस्टिवल में क्षेत्रीय एवं फ्यूजन फूड, लाइव कुकिंग, मनोरंजन, शॉपिंग और फन ज़ोन मुख्य आकर्षण होंगे। इसके अलावा स्थानीय फूड उद्यमियों और व्यवसायों को अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए एक विशेष मंच मिलेगा। कार्यक्रम की समन्वयक रेणु कंवर ने कहा कि इस स्तर का आयोजन न केवल होशियारपुर, बल्कि संभवत: पूरे पंजाब में अपने आप में अनूठा होगा। उन्होंने कहा कि होशियारपुरवासी इस फेस्टिवल का भरपूर आनंद लेने के साथ-साथ इसे लंबे समय तक याद रखेंगे। सामाजिक सरोकार के तहत उपायुक्त होशियारपुर की विशेष बच्चों के लिए संचालित सामाजिक परियोजना 'विंग्स' को फेस्टिवल में नि:शुल्क स्टॉल उपलब्ध कराया जाएगा। इस स्टॉल से होने वाली पूरी आय विशेष बच्चों के कल्याण के लिए समर्पित की जाएगी।

'वखरा स्वाद-एक स्वाद, जो याद बन जाए।'

पीजीआई में हिंदी दिवस पर हिंदी के व्यापक प्रयोग का आह्वान

चंडीगढ़, 17 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)



स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ में निदेशक प्रो. विवेक लाल की अध्यक्षता में हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उन्होंने डॉ.

- **निदेशक प्रो. विवेक लाल ने हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया**

तुलसीदास पुस्तकालय में हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और संस्थान के कार्मिकों के नाम हिंदी दिवस संदेश जारी किया।

प्रो. विवेक लाल ने कहा कि भाषा किसी राष्ट्र की सामाजिक एवं सांस्कृतिक विरासत की संवाहक होती है। हिंदी देश की विविध भाषाओं को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि हिंदी दिवस राजभाषा के प्रति नैतिक एवं संवैधानिक दायित्वों की याद दिलाता है और हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा संस्थान में हिंदी का महत्व और बढ़ जाता है, क्योंकि चिकित्सकों और कर्मचारियों का सीधा संपर्क मरीजों एवं उनके तीमारदारों से होता है। उनकी सहज भाषा में बीमारी और उपचार की जानकारी देने से भय और तनाव कम होता है तथा मरीजों और प्रशासन के बीच संवाद अधिक प्रभावी बनता है।

उन्होंने बताया कि संस्थान में मरीजों और तीमारदारों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के लिए हिंदी एवं मिश्रित भाषा में व्याख्यान आयोजित किए जाते हैं। आकाशवाणी, विभिन्न एफएम रेडियो स्टेशनों और दूरदर्शन चंडीगढ़ के 'स्वस्थ जीवन' कार्यक्रम के माध्यम से संस्थान के विशेषज्ञ चिकित्सक विभिन्न रोगों, उनकी रोकथाम और उपचार की जानकारी देते हैं। रोगों से संबंधित पुस्तिकाएं, पैम्फलेट, प्रश्नावलियां, सहमति-पत्र और डाइट चार्ट भी हिंदी में उपलब्ध कराए जाते हैं। ओपीडी में हिंदी एवं मिश्रित भाषा में स्वास्थ्य संबंधी वीडियो भी प्रसारित किए जाते हैं। प्रो. विवेक लाल ने वरिष्ठ अधिकारियों से कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का आग्रह किया। उन्होंने सभी भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान रखते हुए राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में योगदान देने का आह्वान किया। उप-निदेशक (प्रशासन) श्री पंकज राय ने हिंदी दिवस की बधाई देते हुए राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन में सभी कार्मिकों और विद्यार्थियों से सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि हिंदी पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं और हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।नोडल अधिकारी (राजभाषा) प्रो. संजय भदादा ने अधिकारियों एवं कार्मिकों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलाई। कार्यक्रम में हिंदी के प्रचार-प्रसार और संस्थान के कार्यालयीन कार्यों में इसके प्रभावी प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

हरियाणा में कोचिंग सेंटर्स के लिए नए नियम लागू: रजिस्ट्रेशन के लिए देने होंगे 10 हजार रुपये

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
17 सितंबर, (प्रवीण वालिया)

- **चेतावनी: कोचिंग संस्थान सिर्फ 'रजिस्टर्ड' लिख सकेंगे, 'मान्यता प्राप्त' (Approved) लिखने पर पाबंदी**

जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी रेखा त्यागी ने बताया कि हरियाणा सरकार के उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा हरियाणा निजी कोचिंग संस्थान (पंजीकरण एवं विनियमन) नियम, 2026 अधिसूचित किए गए हैं। ये नियम हरियाणा निजी कोचिंग संस्थानों के पंजीकरण एवं विनियमन अधिनियम, 2024 के तहत बनाए गए हैं तथा राजपत्र में प्रकाशन की तिथि 24 अगस्त, 2026 से प्रभावी हैं।

उन्होंने बताया कि नियमों के अनुसार राज्य में संचालित प्रत्येक निजी कोचिंग संस्थान तथा नया कोचिंग संस्थान स्थापित करने के इच्छुक संस्थान को संबंधित जिला प्राधिकरण के निर्धारित पोर्टल पर 10,000 रुपये पंजीकरण शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पूर्ण आवेदन पाए जाने पर पंजीकरण प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा, जिसकी वैधता तीन वर्ष होगी। पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए 5,000 रुपए शुल्क निर्धारित है तथा नवीनीकरण प्रमाण-पत्र की वैधता एक वर्ष होगी। नियमों के अंतर्गत कोचिंग संस्थानों को पाठ्यक्रम, अवधि, फीस, फीस वापसी नीति, बैच में विद्यार्थियों की अधिकतम संख्या, शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता एवं बायोडाटा तथा काउंसलर एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों का विवरण उपलब्ध कराना होगा। संस्थान में फर्नीचर, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, पुरुष एवं महिला विद्यार्थियों के लिए अलग शौचालय, अग्नि सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा, पार्किंग, पुस्तकालय/रीडिंग रूम, वाई-फाई, स्मार्ट बोर्ड, कंप्यूटर लैब आदि उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी देनी होगी। इसके अतिरिक्त, कोचिंग संस्थानों द्वारा अपने रिकॉर्ड का रख-रखाव करना तथा आवश्यक जानकारी अपनी वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण की व्यवस्था तथा संस्थान के वार्षिक खातों का चार्टर्ड अकाउंटेंट से ऑडिट करवाने संबंधी प्रावधान भी किए गए हैं। नियमों में यह भी प्रावधान किया गया है कि पंजीकृत संस्थान अपने साइन बोर्ड, प्रॉस्पेक्टस अथवा किसी अन्य प्रचार सामग्री में केवल 'Registered Coaching Institute' शब्दों का प्रयोग करेंगे तथा 'Recognized' अथवा 'Approved' शब्दों का प्रयोग नहीं करेंगे। साथ ही, विद्यालय/शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए उनकी पढ़ाई के समय के दौरान कोचिंग कक्षाएं संचालित नहीं की जाएंगी।

उन्होंने सभी निजी कोचिंग संस्थानों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे इन नियमों के प्रावधानों से अवगत हों और इनका पालन सुनिश्चित करें।

रघुनाथ मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा एवं सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन

पंचकूला, 17 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

सेक्टर-15 स्थित रघुनाथ मंदिर में जय मां बनभौरी परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत कथा एवं सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा के पांचवें दिन आचार्य श्री संदीप शास्त्री जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा सहित विभिन्न दिव्य प्रसंगों का वर्णन किया।

कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के बालपन की शरारतों, यशोदा मां के प्रेम और माखन चोरी की लीलाओं का मनमोहक वर्णन सुनाया। इस दौरान पूतना वध एवं कालिया मर्दन की कथा भी सुनाई गई, जिसमें पूतना उद्धार तथा भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कालिया नाग का मर्दन करने का प्रसंग बताया गया।

गोवर्धन पूजा के प्रसंग का वर्णन करते हुए आचार्य श्री संदीप शास्त्री जी ने बताया कि ब्रजवासियों की रक्षा के लिए 7 वर्ष के कन्हैया ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर उठा लिया था। भगवान ने लगातार 7 दिन और रात तक पर्वत को थामे रखा, जिससे इंद्र का घमंड चूर-चूर हो गया। अंत में इंद्र भगवान श्रीकृष्ण से क्षमा मांगते हैं और उनका 'गोविन्द' नाम से अभिषेक करते हैं। कथा के दौरान पंडाल और मंदिर परिसर में नंद महल जैसा वातावरण देखने को मिला। भक्तों द्वारा गोवर्धन नाथ को छप्पन भोग लगाया गया। इस दौरान श्रद्धालु 'गिरिराज धरन प्रभु तेरी शरण' सहित विभिन्न भजनों पर झूमते नजर आए।

कथा के दौरान 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' और 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' जैसे जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस धार्मिक आयोजन का आयोजन एवं संचालन समस्त जय मां बनभौरी परिवार द्वारा किया जा रहा है।

ब्लाइंड मर्डर केस का करनाल पुलिस ने किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
17 सितंबर (प्रवीण वालिया)

- **झगड़े के दौरान चाकू मारकर कालीचरण की हत्या करने की बात कबूली, वारदात में प्रयुक्त चाकू, मृतक का मोबाइल फोन व मोटरसाइकिल बरामदगी के प्रयास जारी**



पुलिस अधीक्षक श्री करन गोयल के आदेशानुसार ब्लाइंड मर्डर की वारदातों का खुलासा करने तथा आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट करनाल की टीम ने कालीचरण हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एएसपी श्री रविन्द्र कुमार आईपीएस ने बताया कि दिनांक 16 सितंबर 2026 की रात के समय पुलिस को सूचना मिली थी कि एलआईसी ऑफिस, एनडीआरआई चौक के नजदीक सड़क किनारे एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को उपचार के लिए सिविल अस्पताल करनाल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान कालीचरण पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी गांव बरोदा, तहसील किरावली, जिला आगरा (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई। मृतक के भाई चेतम द्वारा शव की शिनाख्त की गई तथा दी गई शिकायत के आधार पर थाना सिविल लाइन करनाल में हत्या की संबंधित धाराओं के तहत मामल दर्ज किया गया। एसपी रविन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक करनाल श्री करन गोयल के आदेशानुसार ब्लाइंड मर्डर केस की जांच निरीक्षक प्रवीण कुमार, प्रभारी स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट करनाल को सौंपी गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास की सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण तथा विश्वसनीय मुखबरी के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें मंगल कॉलोनी, करनाल से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपांशु उर्फ डिम्पी पुत्र संत राम, निवासी न्यू वाल्मीकि कॉलोनी, करनाल।

योगेश उर्फ नोनी पुत्र परमजीत, निवासी न्यू वाल्मीकि कॉलोनी, करनाल।

रोमियो उर्फ आलू पुत्र बलविन्द्र सिंह, निवासी न्यू बहादुर चंद कॉलोनी, करनाल के रूप में हुई है।

उन्होंने ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे मोटरसाइकिल पर जा रहे थे। रास्ते में किसी बात को लेकर मृतक कालीचरण के साथ उनका झगड़ा हो गया, जिसके बाद उन्होंने चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी और मोटरसाइकिल पर मौके से फरार हो गए।

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में वारदात का कारण आरोपियों का नशे का आदी होना तथा आपसी झगड़ा सामने आया है। मामले में आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

बरामदगी के प्रयास जारी

पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त चाकू, मृतक का मोबाइल फोन तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मामले में आगामी जांच जारी है।

करनाल पुलिस की टीम ने महिला जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं को महिला अपराधों के बारे किया जागरूक

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
17 सितंबर, (प्रवीण वालिया)

- **महिला निरीक्षक ने छात्राओं से उनकी समस्याओं को जानकर किया समाधान**

पुलिस अधीक्षक करनाल के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए पखवाड़ा चलाया हुआ है जिसमे प्रतिदिन स्कूल, कॉलेज की छात्राओं और अन्य महिलाओं को उनकी सुरक्षा और अधिकारों के बारे जागरूक किया जाता रहा है। करनाल पुलिस शुरूआत से ही महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में महिला निरीक्षक राजेश लता की अध्यक्षता में टीम ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला व राजकीय उच्च विद्यालय गाँव बजीदा रोड़ान में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया। महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया की आज के समय में अपराध समाज में बुरी तरह फैल चुका है। जिसमें महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया की समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। टीम ने छात्राओं को बताया कि कई बार चुप रहकर हम भी अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते है। पुलिस टीम ने छात्राओं को गुड टच और बैड टच बारे भी सावधान किया। टीम ने छात्राओं को यह भी ध्यान रखने को कहा कि स्कूल आते-जाते समय कोई उनका पीछा तो नही कर रहा है । और निरीक्षक राजेश लता जी ने छात्राओं को अच्छी नजर और बुरी नजर के बारे भी सावधान किया। महिला निरीक्षक ने स्कूल की कुछ छात्राओं को राजेश लता जी ने विश्वास में लेकर उनसे उनकी वे समस्याएं जानी जिनको छात्राओं ने अपने घर वालो को भी नही बताया हुआ था और उन समस्याओं को जानकर तुरंत उनका समाधान किया। छात्राओं को यह भी बताया कि महिला सुरक्षा के लिए जिला में दुर्गा शक्ति के नाम से टीम का गठन किया हुआ है। जोकि शहर में स्कूल, कॉलेजों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में हमेशा सहायता के लिए तत्पर रहती है। टीम ने छात्राओं को उसके घर, स्कूल या अन्य जगह कोई भी परेशानी आने पर दुर्गा शक्ति से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।

महिला निरीक्षक राजेश लता जी ने छात्राओं को पोक्सो एक्ट के बारे में भी विस्तार से बताया। टीम द्वारा छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1091और डॉयल 112 का प्रयोग कर आपातकालीन स्थिति में सहायता लेने बारे भी जागरूक किया। इस मौके पर पुलिस टीम से महिला निरीक्षक राजेश लता स्कूल स्टाफ और छात्राएं मौजूद रही।

पीजीआईएमईआर द्वारा विश्व रोगी सुरक्षा दिवस 2026 के मौके पर गैर-संचारी रोगों के लिए सुरक्षित इलाज पर जोर

चंडीगढ़, 17 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

- **रोगियों की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य कर्मियों की चौकस निगाह सबसे मजबूत सुरक्षा': प्रो. विवेक लाल**



पीजीआईएमईआर द्वारा विश्व रोगी सुरक्षा दिवस 2026 के मौके पर 'गैर-संचारी रोगों के लिए सुरक्षित इलाज' विषय पर कार्यक्रम करवाया गया। एडवांस्ड आई सेंटर के ऑडिटोरियम में हुए समारोह में फैकल्टी सदस्यों, रेजिडेंट्स, विद्यार्थियों, नर्सिंग स्टाफ और विभिन्न विभागों के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि पीजीआईएमईआर के निदेशक प्रो. विवेक लाल ने कहा कि प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता स्वास्थ्य सेवाओं में सहायक हो सकते हैं, पर स्वास्थ्य कर्मी की चौकसी, निरीक्षण और क्लीनिकल फैसले की जगह नहीं ले सकते। उन्होंने कहा कि रोगी सुरक्षा के केंद्र में 'नुकसान न पहुंचाने' का मेडिकल सिद्धांत है।

प्रो. लाल ने कहा कि रोगी सुरक्षा केवल बड़ी चिकित्सा प्रक्रियाओं तक सीमित नहीं, बल्कि सही दवा लिखने, रोगी की पहचान, स्टेरलाइज्ड लिनन, सुरक्षित भोजन, सही दस्तावेजीकरण, संचार और प्रभावशाली हैंडओवर जैसी रोजाना प्रक्रियाओं से भी जुड़ी है। उन्होंने कहा कि जोखिमों को पहले पहचान कर रोकना रोगी सुरक्षा का अहम हिस्सा है।

प्रो. संजय जैन, डीन (अकादमिक्स) और चेयरपर्सन, इंस्टीट्यूट पेशेंट सेफ्टी कमेटी ने कहा कि रोगी सुरक्षा समूची स्वास्थ्य टीम की सांझी जिम्मेदारी है। उन्होंने दवाओं की सुरक्षा, रोगी की सही पहचान, रोगियों के गिरने और सुरक्षित रक्त चढ़ाने जैसे पक्षों पर ध्यान देने की जरूरत बताई।

डॉ. महेश देवनानी, नोडल अफसर, पेशेंट सेफ्टी ने मानक प्रक्रियाओं, प्रभावशाली संचार, इन्फेक्शन कंट्रोल, दवा सुरक्षा, सुरक्षित सर्जरी और लगातार निगरानी को अहम बताया। तकनीकी सत्रों में प्रो. नुसरत शफीक ने दवा सुरक्षा और एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस, डॉ. हरी कृष्ण धवन ने सुरक्षित रक्त चढ़ाने की प्रथाओं, डॉ. महेश देवनानी ने इन्फेक्शन कंट्रोल और बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन और प्रो. एल. कमान ने सर्जिकल सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में गैर-संचारी रोगों की रोकथाम, जांच और लंबे समय के इलाज के दौरान रोगी सुरक्षा की चुनौतियों पर पैनल चर्चा करवाई गई।

मैक्स हेल्थकेयर फाउंडेशन 250 मेधावी एमबीबीएस छात्रों को देगा मेडिकल स्कॉलरशिप

पटियाला, 17 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

मैक्स हेल्थकेयर फाउंडेशन ने आज अपने प्रमुख कार्यक्रम मैक्स मेडिकल स्कॉलरशिप प्रोग्राम के चौथे संस्करण की शुरुआत की घोषणा की, जिसके तहत इस वर्ष वार्षिक इनटेक को बढ़ाकर 250 नए छात्रों तक किया जाएगा, जबकि पिछले वर्षों में यह संख्या 100 छात्र थी। इस विस्तार से कार्यक्रम की पहुंच में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के अधिक मेधावी छात्रों को मेडिकल शिक्षा हासिल करने का अवसर मिलेगा।

इस स्कॉलरशिप के तहत इस वर्ष उन 250 नए छात्रों की मेडिकल शिक्षा का पूरा खर्च उठाया जाएगा, जिन्होंने नीट क्वालीफाई किया है और शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए बठिंडा , मोहाली, देहरादून, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, नागपुर, लखनऊ और भुवनेश्वर के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस में दाखिला लिया है।

नए छात्रों के लिए अवसर प्रदान करने के साथ-साथ, मैक्स मेडिकल स्कॉलरशिप कार्यक्रम पिछले वर्षों में चुने गए छात्रों की पढ़ाई का खर्च भी जारी रखेगा। ये छात्र अब मेडिकल शिक्षा के दूसरे, तीसरे और चौथे वर्ष में हैं, जिससे उनकी पूरी पढ़ाई के दौरान उन्हें लगातार आर्थिक सहायता मिलती रहेगी।

चेयरपर्सन-मैक्स हेल्थकेयर फाउंडेशन , तरुणा सोई ने कहा, पिछले तीन वर्षों में, मैक्स मेडिकल स्कॉलरशिप प्रोग्राम ने 245 छात्रों की मेडिकल शिक्षा में सहयोग किया है। इस वर्ष, हम इस कार्यक्रम का व्यापक विस्तार कर रहे हैं ताकि 250 नए छात्रों को सहयोग दिया जा सके, जिससे कई और योग्य छात्र बिना किसी आर्थिक बोझ के डॉक्टर बनने का अपना सपना पूरा कर सकें।

इस स्कॉलरशिप के लिए पंजीकरण www.ma&healthcarefoundation.org पर हो चुका है। इस स्कॉलरशिप के तहत ट्यूशन फीस, एक लैपटॉप, पाठ्यपुस्तकें और बोन सेट, डिसेक्शन किट,ए स्टेथोस्कोप जैसे उपकरण और इसके अलावा, छात्रों को हर महीने के खर्च के लिए आर्थिक मदद और पढ़ाई में मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। आवेदन 4 अक्टूबर, 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे।

ए.डी.सी. द्वारा फर्म सेटलवेव कंसल्टेंट्स का लाइसेंस रद्द

साहिबजादा अजीत सिंह नगर
17 सितंबर, (पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब ट्रैवल प्रोफेशनल रेगुलेशन एक्ट-2012 के तहत मिली शक्तियों का उपयोग करते हुए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती गीतिका सिंह द्वारा फर्म सेटलवेव कंसल्टेंट्स का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है।

अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि फर्म सेटलवेव कंसल्टेंट्स एस.सी.ओ. नं. 538, पहली मंजिल, सेक्टर-70, मोहाली के मालिक श्री पुष्पिंदर सिंह वासी धनोला, जिला बरनाला, अब वासी फ्लैट नंबर 208, टावर नं. 04, मोतिया रॉयल फेम-2, सेक्टर-117, खरड़, जिला एस.ए.एस. नगर और मालिक श्री सन्नी कुमार वासी गांव दोहरू, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर और अब वासी फ्लैट नंबर 208, टावर नं. 04, मोतिया रॉयल फेम-2, सेक्टर-117, खरड़, जिला एस.ए.एस. नगर को कंसल्टेंसी के काम के लिए लाइसेंस नंबर 727/आई.सी. दिनांक 29.10.2024 को जारी किया गया था, जिसकी अवधि 28.10.2029 तक थी। अधिक जानकारी देते हुए अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर द्वारा बताया गया कि पंजाब ट्रैवल प्रोफेशनल रेगुलेशन एक्ट और इसके अधीन बने नियमों के अनुसार लाइसेंस धारकों द्वारा अपने काम के संबंध में मासिक रिपोर्टें और मासिक स्व-घोषणा फॉर्म संबंधित कार्यालय को पेश करना अनिवार्य है। इसके अलावा छमाही रिपोर्टें गृह मामले विभाग, पंजाब सरकार, चंडीगढ़ को भेजनी होती हैं।

उन्होंने कहा कि फर्म को इस संबंध में समय-समय पर नोटिस जारी करके जरूरी रिपोर्टें और स्व-घोषणा फॉर्म पेश करने का निर्देश दिया गया था। इस संबंध में इस कार्यालय द्वारा पत्र दिनांक 29.10.2024, पत्र दिनांक 17.06.2025 और पत्र दिनांक 26.11.2025, पत्र दिनांक 19.02.2026, पत्र दिनांक 09.07.2026 और पत्र दिनांक 06.08.2026 के माध्यम से नोटिस जारी किए गए थे।